MACP.No–322/2017
Mis.No–19/2021
**यशवन्त सिंह बनाम विजय सिंह**

**दिनांकः08.06.2021**

आज यह पत्रावली मेरे समक्ष प्रस्तुत हुई।

आवेदक/याची संख्या–एक यशवन्त सिंह की ओर से आवेदन पत्र मय शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में याची संख्या –तीन प्रभूदयाल के पक्ष में पैतीस हजार रु० की एक एफ.डी. व इतनी ही धनराशि की चैक बनाई गयी थी।बनाई गयी एफ.डी.न्यायालय में आ चुकी है। उक्त याची संख्या –तीन प्रभूदयाल का देहान्त दिनांक 14.07.20 को हो चुका है जिसने आवेदक याची संख्या–एक को नामिनी बनाया था जिस कारण आवेदक अपने पिता याची संख्या–तीन प्रभूदयाल के नाम बनवाई गयी उक्त एफ.डी. की धनराशि को प्राप्त करने का अधिकारी है।अतः उक्त एफ.डी.की धनराशि को आवेदक के खाते में जमा कराया जाये।

आवेदक की ओर से अपने आवेदन के समर्थन में याची संख्या–तीन प्रभूदयाल का मत्यू प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्वंय के आधार कार्ड, बैंक की एफ.डी.तथा जमा राशि का प्रमाण पत्र आदि की छाया प्रतियां दाखिल की गयीं।उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित बैंक की ओर से तैयार की गयी एफ०डी० तथा जमा प्रपत्र दाखिल किये गये।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार याची संख्या–तीन प्रभूदयाल को प्रतिकर की सम्पूर्ण राशि मे से कुल 65,000–रु० प्रदान किये गये हैं जिसमे से 30,000/–रु० एक वर्ष की अवधि के लिए बैंक में जमा कराये गये हैं तथा 35,000/–रु० जरिये चैक नकद दिलाये गये हैं।आवेदक की ओर से दाखिल याची संख्या–तीन के मत्यू प्रमाण पत्र के अवलोकन से स्पष्ट है कि उसका देहान्त हो चुका है।सम्बन्धित बैंक से प्राप्त प्रपत्रों के अवलोकन से विदित होता है कि याची संख्या–तीन प्रभूदयाल द्वारा अपने पुत्र आवेदक याची संख्या–एक यशवन्त सिंह को नामिनी बनाया गया है।उपरोक्त स्थिति में आवेदक याची संख्या–एक यशवन्त सिंह अपने पिता के नाम बनवाई गयी उक्त एफ०डी० की धनराशि को प्राप्त करने का अधिकारी है।

अतः प्रबन्धक, सिंडीकेट बैंक, शाखा गोविन्द चौराहा, झांसी को आदेशित किया जाता है कि वे याची संख्या –तीन प्रभूदयाल के नाम से बनवाई गयी एफ.डी.खाता संख्या–92354050009088/1 की सम्पूर्ण धनराशि आवेदक याची संख्या–एक यशवन्त सिंह के बैंक खाता संख्या–92352010008000 IFS Code–SYNB0009235 सिंडीकेट बैंक, शाखा गोविन्द चौराहा, झांसी में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

P.O., MACT

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2021.06.09 12:22:59 IST
Reason: PO
Location: MACT JHANSI